अमर उजाला
चंडीगढ़, 28 मई 2012

# कैंसर के मरीजों का होगा निशुल्क चेकअप

अमर उजाला ब्यूरो

- हिंदू स्कूल में तीन जून को लगेगा मेगा हेल्थ कैंप

कालका। आम मरीजों को विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए अंबाला हेल्थ केयर एवं वेलफेयर सोसायटी के सहयोग से हिंदू स्कूल में तीन जून को विशाल निशुल्क मेगा हेल्थ कैंप लगाया जाएगा। प्रदेश में अपनी तरह का यह पहला कैंप होगा, जिसमें जरूरी संसाधनों के साथ विश्व प्रसिद्ध डाक्टर मरीजों का चेकअप करेंगे। रजिस्ट्रेशन का कार्य 29 से 31 मई तक सुबह 9 से बाद दोपहर तीन बजे तक व्हाइट हाउस पिंजौर और हिंदू स्कूल कालका में किया जाएगा।

प्रसिद्ध समाजसेवी संत शर्मा ने बताया कि इस कैंप का अंबाला के विधायक विनोद शर्मा उद्घाटन करेंगे। इसमें विश्व प्रसिद्ध हार्ट रोग विशेषज्ञ डा. नरेश त्रेहन दी मेडीसिटी गुड़गांव के वरिष्ठ डाक्टरों की टीम के साथ मरीजों का चेकअप करेंगे। इसके अलावा कैंसर के मरीजों का चेकअप करने के लिए हेल्थ वैन आएगी, जिसमें चेकअप करने की सभी यूनिट लगी हुई हैं।

कालका हरियाणा का ऐसा पहला शहर होगा, जहां हाई तकनीक से लैस यह बस पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि कैंप में महिलाओं के ब्रेस्ट कैंसर की जांच भी की जाएगी। इसमें ईको, इसीजी सहित कैंसर, दांत, आंख आदि के सभी टेस्ट, दवा व चश्मे मुफ्त में दिए जाएंगे।